Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 07-12-2006

Participants : Mohite Shri Subodh

an>

Title: Need for better utilization of Central fund allocated to the Vidarbha region of Maharashtra.

श्री सुबोध मोहिते (रामटेक) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने विदर्भ के किसानों द्वारा खुदकुशी और आत्महत्या को रोकने के लिए एक पैकेज दिया लेकिन मैं उसकी डिटेल में नहीं जाऊंगा क्योंकि मैंने परसों अतारांकित क्वैश्चन पूछा था जिस में सारी डिटेल्स हैं। मैं प्रधान मंत्री जी से रिकवैस्ट करना चाहूंगा कि वह इस पैकेज को रिव्यू करें क्योंकि जिस बात को रोकने के लिए पैकेज दिया गया था, वह कार्य सफल नहीं हो रहा है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने खुदकुशी रोकने के लिए पैकेज दिया था लेकिन वह पूरा लीकेज हो गया है और खुदकुशी रुकी नहीं है बल्कि उसका रेट डबल हो चुका है। इसे ताबड़तोड़ रिव्यू करना होगा। हमारी मेन मांग कर्जा माफ करने की थी लेकिन आपने उसे माफ नहीं किया है। मैं सबसे पहले किसानों का कर्जा माफ करने की मांग करता हूं।

दूसरी बात मेरी समझ में नहीं आई है कि देश के प्रधान मंत्री जिस एरिया में खुदकुशी हो रही है. उसे कैसे बांट सकते हैं। विदर्भ के 11-12 जिलों में खुदकुशी और आत्महत्या हो रही है। वह केवल 6 जिलों को कैसे पैकेज दे सकते हैं? बाकी जिलों में भी किसानों ने आत्महत्या की है। क्या उनकी जान की कीमत नहीं है? इसलिए उन एरियाज को भी उनमें इनक्लूड किया जाए। जिसे इम्मिजिएट रिलीफ कहा जाता है, वह उन्हें दिया जाए। उनके बाल-बच्चे रोटी के कारण मर रहे हैं। मेरी प्रधान मंत्री जी से मांग है कि इस पैकेज को रिव्यू किया जाए और उनको एटलीस्ट खाने के लिए रोटी धान्य कम से कम पांच साल के लिए मुफ्त तत्काल दिया जाए। …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: A number of 55 Members have given notices. You better decide whom to call.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You decide yourself. I am trying to find out which are more important issues. That is why I have allowed three important matters.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Rajagopal, is raising a very important issue. It is about the disabled persons.

… (*Interruptions*)